संख्या–818 /I-1/2025-05/12/2024 (e-file : 78953)

प्रेषक,

आर0 मीनाक्षी सुन्दरम्,
प्रमुख सचिव,
**उत्तराखण्ड शासन।**

सेवा में,

1. जिलाधिकारी,
देहरादून/टिहरी गढ़वाल,
**उत्तराखण्ड।**

2. प्रबन्ध निदेशक,
यूजेवीएन लि0,
**देहरादून।**

**ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा अनुभाग–01** **देहरादून : दिनांक : 27 अगस्त, 2025**

**विषय :– लखवाड़ बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना हेतु जनपद देहरादून के अन्तर्गत अधिग्रहण किये जाने वाली भूमि की दरें जनपद टिहरी गढ़वाल के ग्रामों की समकक्ष भूमि के अनुसार किये जाने विषयक।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक निगम के पत्र संख्या–3938 दिनांक 23 अगस्त, 2024 एवं जिलाधिकारी, देहरादून के पत्र संख्या–584 दिनांक 05 मार्च, 2025 तथा विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, देहरादून के पत्र संख्या–209 दिनांक 19 दिसम्बर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके द्वारा लखवाड़ बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून की तहसील–कालसी के 09 ग्रामों क्रमशः धनपो, लखवाड़, लकस्यार, खुन्ना अलमान, लुधेरा, खाती, दाऊ, ऊभौ एवं सरयाना की अधिग्रहण की जाने वाली भूमि की दरें जनपद टिहरी गढ़वाल के समीप्य ग्रामों के समकक्ष भूमि की दरों के समान रखे जाने के सम्बन्ध में शासन स्तर से निर्णय लिये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विशिष्ट रूप से मात्र लखवाड़ बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून की तहसील–कालसी के वर्णित 09 ग्रामों की अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की दरें जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत तहसील–नैनबाग के समीप्य ग्रामों के समकक्ष भूमि की दरों के समान रखे जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि इस सम्बन्ध में भूमि अर्जन एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम–2013 एवं जल विद्युत परियोजनाओं के लिये पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति–2013 के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

D(P)

भवदीय,

(आर0 मीनाक्षी सुन्दरम्)
प्रमुख सचिव।

Diary No. 4628 /MD/UJVNL/ HEP-71
Date 04/09/2025

संख्या– 818 /I-1/2025-05/12/2024 (e-file : 78953), तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव–मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड।
2. वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव–मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. प्रमुख सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, मा0 मंत्रिपरिषद् (गोपन)/वित्त/राजस्व/सिंचाई/औद्योगिक विकास (खनन), उत्तराखण्ड शासन।
5. विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, देहरादून।
6. महाप्रबन्धक (जानपद), लखवाड़ बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना, डाकपत्थर, देहरादून।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(विक्रम सिंह राणा)
संयुक्त सचिव।